Government of India

# Media Scanning & Verification Cell

**Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.**

| Alert ID | Publication Date | Reporting Date | Place Name | News Source/Publication Language |
|---|---|---|---|---|
| **7534** | 12.07.2023 | 12.07.2023 | Ghaziabad Uttar Pradesh | www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/delhi-ncr/ghaziabad/200-including-87-children-fall-ill-after-drinking-contaminated-water-in-rajnagar-extension-ghaziabad-news-c-30-gbd1015-151630-2023-07-12 |
| Title: | **200 cases including 87 children fell ill after drinking contaminated water in Rajnagar extension in Ghaziabad, Uttar Pradesh** | | | |
| Action By CSU, IDSP –NCDC | Information communicated to DSU- Ghaziabad, SSU- Uttar Pradesh | | | |

राजनगर एक्सटेंशन की सेवी-विला डे सोसायटी में दूषित पानी पीने से 87 बच्चों समेत 200 लोग बीमार हो गए। पांच मरीज अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराए गए थे, इलाज के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई है। लोगों के बीमार होने की शिकायत निवासियों ने ट्वीटर पर जिलाधिकारी और जीडीए से की। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम सोसायटी पहुंची और मरीजों की जांच कर इलाज शुरू किया। जिला मलेरिया अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि सोसायटी में सर्वे के दौरान कई स्थानों पर डेंगू का लार्वा मिला है। एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया है।

जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि अधिक बारिश होने से ओवरफ्लो होकर सीवरेज प्लांट का पानी पीने के पानी की लाइन में पहुंच गया। दूषित पानी पीने से लोगों में उल्टी-दस्त और बुखार की परेशानी हो गई। डॉ. गुप्ता ने बताया कि पानी की जांच के लिए सोसायटी के चार अलग-अलग ब्लॉक और पानी की मुख्य लाइन से 10 नमूने लिए गए हैं। सोसायटी के ए, बी और डी ब्लॉक में लोग ज्यादा संक्रमित हैं।

शिकायत के बाद भी नहीं सही कराई एसटीपी

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

**Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.**

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

एओए के उपसचिव हेमंत कुमार ने बताया कि सोसायटी का एसटीपी एक साल से खराब है। इसे सही कराने के लिए बिल्डर, जीडीए और जिलाधिकारी से कई बार शिकायत की गई, इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। सोसायटी का ड्रेनेज सिस्टम भी खराब है। चार दिन पहले हुई बारिश के बाद एसटीपी पूरी तरह से ठप हो गया। सीवर का पानी सोसायटी के बेसमेंट में भी भर गया। सोसायटी में दो बेसमेंट हैं। दोनो में लगभग आठ फुट पानी भर गया। ड्रेनेज के लिए पंप चालू किए गए लेकिन अभी भी नीचे वाले बेसमेंट में पांच फुट पानी भरा हुआ है।

**सीवरेज निकासी की नहीं है कोई व्यवस्था**

सोसायटी में रहने वाले सुनीत श्रीवास्तव ने बताया कि सीवरेज निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। बेसमेंट में कई दिनों से जलभराव है। कई बार रेजिडेंट्स जिलाधिकारी, नगर निगम और जीडीए में ज्ञापन दे चुके हैं, इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**60 फीसदी घरों में लोग बीमार**

रेजीडेंट्स सत्यजीत कुमार ने बताया कि बरसात के बाद से स्थिति बिगड़ने लगी थी। सोसायटी में 600 परिवार रहते हैं। इनमें से 60 फीसदी घरों में बच्चे और बड़ों में उल्टी-दस्त और बुखार की परेशानी हो रही है।

**स्थिति सामान्य, नहीं है कोई गंभीर**

सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधार ने बताया कि सोसायटी में लगाए शिविर में 200 लोगों को दवाइयां दी गई हैं। लोगों के पेट में दर्द, उल्टी और दस्त की परेशानी हुई थी, अभी तक कोई मरीज गंभीर नहीं मिला है। जो भी संक्रमित गंभीर होगा, उसे एंबुलेंस से संयुक्त अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जाएगा। सोसायटी के सभी फ्लैटों में क्लोरीन की टेबलेट वितरित की गई हैं। रेजीडेंट्स को पानी में क्लोरीन डालने और पानी को उबालकर पीने की सलाह दी गई है।

**बिल्डर और एओए दूसरे पर लगा रहे आरोप**

सोसायटी में मौजूद बिल्डर प्रतिनिधि राकेश बंसल ने बताया कि सोसायटी को छह महीने पहले एओए को हैंडओवर की जा चुकी है। एसटीपी बिल्डर के पास है और उसे ठीक कराया जा रहा है। वहीं, एओए की ओर से कमलजीत ने बताया कि बिल्डर ने सोसायटी को पूरी तरह से हैंडओवर नहीं किया है। अभी पूरी जिम्मेदारी बिल्डर की है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!